**दिनांक : 31/08/2026** **समय :7.10एएम**

**आकाशवाणी, भोपाल**

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर किर्गिस्तान पहुंचे, एससीओ शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल
- उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी बधाई।
- ओरछा में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक, रामराज्य और सुशासन पर मंथन।
- संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का तीन दिवसीय शिवपुरी दौरा आज से, कई विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन।

**पीएम- किर्गिस्तान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंचे हैं। वे आज और कल होने वाले 26वें शंघाई सहयोग संगठन, शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और राष्ट्राध्यक्षों के सत्र में भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत सुरक्षा, संपर्क और अवसरों पर आधारित क्षेत्र के लिए काम करना चाहता है। उन्होंने आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मुक्त क्षेत्र बनाने में एससीओ देशों के साथ मिलकर काम करने की बात कही। इस दौरे के दौरान श्री मोदी कई एससीओ नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं और विश्व घुमंतू खेलों के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

**सीएम- पीएम मोदी सम्मान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उज्बेकिस्तान के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ओलि दराजली दोस्तलिक' मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मजबूत दोस्ती, भरोसे और सांस्कृतिक रिश्तों का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की दुनिया में प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही है।

**सिंधिया- शिवपुरी**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से 2 सितंबर तक शिवपुरी के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे शिवपुरी, कोलारस और पिछोर में कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। दौरे के पहले दिन अछरौनी, बामौरकलां और खनियांधाना में स्वास्थ्य केंद्र, सब-स्टेशन और उप तहसील समेत कई परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। 1 सितंबर को श्री सिंधिया शिवपुरी में छात्रावास, सड़कों और अमृत भारत रेलवे स्टेशन का जायजा लेंगे और कोलारस रेलवे स्टेशन पर उज्जैनी एक्सप्रेस के नए ठहराव की शुरुआत करेंगे। वहीं 2 सितंबर को वे कलेक्ट्रेट में दिशा की बैठक में शामिल होने के साथ प्रधान डाकघर का लोकार्पण और पोस्टल प्रशिक्षण केंद्र का भूमिपूजन करेंगे।

**ओरछा बैठक**

ओरछा में भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हो रही है। रामराजा सरकार की नगरी में हो रही इस बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत पार्टी के कई बड़े नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भगवान रामराजा सरकार के दरबार में आना उनके लिए सौभाग्य की बात है और रामराज्य की स्थापना भाजपा का लक्ष्य है। वहीं केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ओरछा की पावन धरती पर हो रहे मंथन से संगठन और प्रदेश के लिए सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। बैठक में सुशासन, विकास, जनकल्याण और संगठन को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हो रही है।

**सीएम- चित्रकूट जायजा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल सतना के चित्रकूट में अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का जायजा लिया और लोगों से मुलाकात की। उन्होंने जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्य में किसी तरह की कमी नहीं रखने के निर्देश दिए और अधिक जानकारी दे रहें हैं हमारे सतना संवाददाता लाल बहादुर तिवारी....

वहीं अतिवृष्टि को देखते हुए सतना जिले के सभी स्कूलों में 31 अगस्त और 1 सितंबर को छुट्टी घोषित की गई है। प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पीने का पानी, कपड़े, दवाइयां और जरूरी राहत सामग्री पहुंचाने को कहा गया है।

**अच्छी खबर**

स्वच्छता में लगातार आठ बार नंबर-1 इंदौर अब हरियाली में भी मिसाल बन रहा है। अगस्त में नगर निगम के पर्यावरण अभियान को शहरवासियों का जबरदस्त साथ मिला।

**विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना**

प्रदेश में 12वीं में पहली बार में 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक लाने वाले करीब 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 सितंबर को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के खातों में यह राशि ट्रांसफर करेंगे।

**बलराम कृषि महोत्सव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 सितंबर को ग्वालियर में बलराम जयंती महोत्सव और सहकारी किसान समागम में शामिल होंगे।

**उज्जैन महाकाल सवारी**

उज्जैन में सावन-भादौ मास की परंपरा के तहत भगवान महाकाल की पांचवीं सवारी आज निकलेगी। सवारी में बाबा महाकाल पांच अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देंगे और शहर का भ्रमण कर अपनी प्रजा का हाल जानेंगे।

**नरेला रक्षा बंधन**

भोपाल की नरेला विधानसभा में 18 साल से लगातार हो रहा रक्षाबंधन महोत्सव आज से शुरू होगा। मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में 17 वार्डों में होने वाले इस आयोजन में लाखों बहनों के शामिल होने की उम्मीद है।

**क्रिकेट**

भारत ने महिला टी-20 एशिया कप 2026 में शानदार शुरुआत करते हुए थाईलैंड को 94 रन से हरा दिया। दुबई में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 159 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 64 रन की शानदार पारी खेली और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- **खंडवा** में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत नगर निगम के सिविल लाइन स्थित जोन कार्यालय परिसर में शिविर आयोजित किया गया।
2- **कटनी** मे सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बारडोली उत्सव समिति द्वारा दो दिवसीय कजलियां मेले का समापन हुआ।
3- राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद की जयंती पर **आगरमालवा** में कल कबड्डी खेल के खिलाड़ियों के बीच मैत्री मैच आयोजित किया गया।
4- **अशोकनगर** में स्वास्थ्य विभाग बेक्टर जनित रोगों डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव एवं नियंत्रण हेतु आवश्यक सलाह दी है।
5- **धार** में नागरिकों को शुद्ध, गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में सघन निरीक्षण और जांच अभियान चलाया जा रहा है।
6- **झाबुआ** जिले में गवली समाज द्वारा पारंपरिक रूप से भुजरिया पर्व मनाया गया।
7- **शिवपुरी** जिले में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप आयोजित किए जाएंगे।
8- **बालाघाट** के बिरसा विकासखंड के बीमारी प्रभावित ग्राम कुंडेकसा, कोरका एवं बोंदारी सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर स्वास्थ्य सर्वे एवं उपचार की कार्रवाई लगातार जारी है।

9- **बैतूल** में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा निकाली गई।

10- **अनूपपुर** जिले में आगामी तीन - चार दिन भारी बारिश की आशंका की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

11- **सीधी** जिले में लगातार हो रही वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने जिले में इससे निपटने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।